# नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के निर्माण में तेजी लाएं

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के निर्माण की कार्यवाही को तेजी से आगे बढ़ाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने एयरपोर्ट निर्माण से जुड़े विभागों को आपसी तालमेल से कार्य करने को भी कहा। वे शनिवार को अपने आवास पर हुई बैठक में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि एयरपोर्ट के निर्माण के लिए जिन विभागों की एनओसी और कार्यवाही लंबित है उसे अविलंब पूरा करें। एयरपोर्ट के क्षेत्र में आने वाली विद्युत, सिंचाई, लोक निर्माण, बेसिक शिक्षा, महिला, बाल विकास एवं पुष्टाहार तथा वन विभाग की परिसम्पत्तियों को प्राथमिकता के साथ अन्यत्र स्थापित किया जाए। इससे परियोजना को निर्धारित समय में पूरा करने में मदद मिलेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के आर्थिक विकास और समृद्धि के लिए विश्वस्तरीय अवस्थापना सुविधाओं के निर्माण की गति बढ़ाना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि वाणिज्यिक एवं औद्योगिक गतिविधियों को बढ़ाने में बेहतर कनेक्टिविटी की महत्वपूर्ण भूमिका है। ब्यूरो